<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर मतदान 13 नवंबर को, निर्वाचन आयोग ने मिल्कीपुर सीट को छोड़कर अन्य सीटों पर उपचुनाव की तिथि का किया एलान।
- मुख्यमंत्री ने बहराइच हिंसा के शिकार युवक के परिजनों से लखनऊ में की मुलाकात। दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता के साथ आरोपियों पर कठोर कार्रवाई का दिया भरोसा।
- खाने पीने की वस्तुओं में अपशिष्ट मिलाने वालों पर प्रदेश सरकार सख्त। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में अध्यादेश लाने पर हुई चर्चा।
- प्रयागराज महाकुंभ को और सुरक्षित बनाने के लिए इजराइल का सहयोग लेगी प्रदेश सरकार। इजराइल के राजदूत ने कल मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**********

निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश की 10 में से 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। प्रदेश की इन सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे। प्रदेश की जिन 9 विधानसभा सीटों पर चुनाव होना है, उनमें करहल, सीसामऊ, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, गाज़ियाबाद. फूलपुर, मझवां और मीरापुर शामिल हैं। कोर्ट में दायर याचिका की वजह से मिल्कीपुर में उपचुनाव की तारीख की घोषणा नहीं की गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कल दिल्ली में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। पेश है एक रिपोर्ट

***मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि उपचुनाव के लिए 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन से नामांकन शुरु हो जाएगा। 25 अक्टूबर तक नामांकन किए जा सकेंगे। उपचुनाव की मतगणना 23 नवंबर को होगी। उत्तर प्रदेश के साथ ही पंजाब उपचुनाव और महाराष्ट्र–झारखंड विधानसभा की चुनावी तारीखों का भी ऐलान कर दिया गया है। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर एक चरण में 20 नवम्बर को चुनाव होगा, जबकि झारखंड की 81 सीटों पर दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आएंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बहराइच हिंसा में मारे गए युवक के परिजनों से लखनऊ में मुलाकात की। इस अवसर पर श्री योगी ने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने के आश्वासन के साथ ही पीड़ित परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर और अन्य सुविधाएं देने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित परिवार के साथ मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे बहराइच के विधायक सुरेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

***मुख्यमंत्री जी ने पीड़ित परिवार से बात की, संवेदना व्यक्त की और संवेदना व्यक्त करने के साथ 10 लाख रुपये पीड़ित परिवार को सहायता और जो भी सुविधाएं वो सब देने का आश्वासन और कड़ी कार्रवाई का वादा किया।***

उधर, बहराइच में हिंसा फैलने के तीन दिन बाद भी इंटरनेट सेवा बंद है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। सुरक्षा की दृष्टि से छह कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएएफ , स्थानीय पुलिस जवान और अधिकारी मुस्तैद हैं। चार आईपीएस रैंक के अफसर भी तैनात किए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पैनी नजर रखने के साथ ही पुलिस ड्रोन के साथ साथ संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रही है।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि बहराइच में स्थिति फिलहाल शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जबकि अज्ञात उपद्रवियों के बारे में जानकारी जुटाने के प्रयास जारी हैं। डीजीपी ने लोगों से अफवाहों और गलत सूचनाओं के प्रति सतर्क रहने को कहा है।

**********

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कल समीक्षा बैठक में आईटीआई संस्थानों की प्रगति और कौशल विकास मिशन की योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्रों को नवीनतम तकनीक और ट्रेंड्स के आधार पर प्रशिक्षित किया जाए ताकि उन्हें बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

**********

सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर से पडरौना के बीच लगभग 24 किलोमीटर लम्बी फोर–लेन सड़क बनायेगा। राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस सड़क के निर्माण के दौरान फोर लेन का बाईपास भी बनाया जायेगा। साथ ही पडरौना से पनियहवा बिहार बॉर्डर तक लगभग 23 किलोमीटर लंबी टू लेन सड़क का निर्माण भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुशीनगर बाईपास और पडरौना बाईपास को भी इस परियोजना में स्वीकृति दी गयी है।

**********

खाने पीने की वस्तुओं की पवित्रता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार एक अध्यादेश लाने की तैयारी कर रही है। इस अध्यादेश पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में विधि आयोग, पुलिस, गृह विभाग, खाद्य विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि लोगों को शुद्ध और गुणवत्तापरक खाने पीने का सामान उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है।

***हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि हम उत्तर प्रदेश के सभी लोगों को क्वालिटी फूड उपलब्ध कराए। ये प्रकाश में आया है की विभिन्न प्रकार से उसको दूषित करने का प्रयास किया जा रहा था। ऐसा कई वीडियोज में हम लोगों ने देखा है। उसके लिए जो भी आवश्यक कानून है उसको बनाने का हम लोग काम करेंगे और हर स्थिति में उत्तर प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापरक भोजन मिले, इसकी सुनिश्चित करने का काम करेंगे।***

इससे पहले 24 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खानपान की वस्तुओं की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में संशोधन करने के निर्देश दिए थे।

**********

प्रयागराज महाकुंभ को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए राज्य सरकार इजराइल का सहयोग लेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल इजराइल के राजदूत रूवेन अजार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान इजराइल और भारत, विशेषकर उत्तर प्रदेश के मध्य संबंधों को और प्रगाढ़ करने, नौकरियों की संख्या बढ़ाने, पुलिस आधुनिकीकरण और कुंभ में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। इजराइल में प्रदेश के पांच हजार से अधिक लोग काम करने गए हैं, जिनका प्रदर्शन उत्कृष्ट पाया गया है। इजराइल की सरकार अन्य लोगों को भी वहां काम देने की इच्छुक है। ड्रिप इरिगेशन तथा पेयजल के क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा हुई। बता दें कि बुंदेलखंड में ग्राउंड वाटर तथा आगरा में पीने के पानी के क्षेत्र में इजराइल सहयोग कर रहा है।

**********

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कल भदोही में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। मेले में इस बार 67 देशों के 500 विदेशी खरीदार और उनके प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इस मेले में देश के विभिन्न प्रांतों के कुल 260 निर्यातकों ने स्टॉल लगाए हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि भारत के निर्यात में कालीन उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

***भारत सरकार ने तय किया है कि हम एक सौ बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट करेंगे। दो हजार तीस तक उसमें कारपेट की भूमिका जबरदस्त होगी। जिस तरह से ग्रोथ है वो ग्रोथ आगे चल कर के हमें एक मील का पत्थर साबित होगा और दुनिया जिस तरह से सस्टेने बिलिटी को ले रहा है ट्रेस्टलिटी को ले रहा है अभी हम पूरे दुनिया के एक्सपोर्ट में 40 पर्सेंट की हिस्सेदारी है वो हम 50 परसेंट की हिस्सेदारी ले जाएंगे।***

**********

वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कल प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी ज़िलों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान मंदिरों में श्रीराम चरितमानस पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन आदि कराए जाएंगे। साथ ही महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चित्रकूट के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे।

**********